रामदेव बाबा के 4 छात्र 'साइबर वॉरियर'

नागपुर, बिजनेस कनेक्ट. रामदेव बाबा विश्वविद्यालय के 4 छात्र क्विक हील फाउंडेशन के साथ 'साइबर शिक्षा, साइबर सुरक्षा' पहल में भाग लेकर 'साइबर वॉरियर' बन गए हैं. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुणे के विमाननगर स्थित क्विक हील कार्यालय में आयोजित किया गया था. रामदेव बाबा विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशन विभाग की प्रमुख डॉ. प्रीति वोडिटेल, प्रो. पूनम खंडारे और डॉ. सत्यजीत उपरकर के मार्गदर्शन में छात्र राज पांडे, रिया सक्सेना, प्रतीक आमनेरकर, सिया ठाकुर ने यह प्रशिक्षण लिया. रामदेव बाबा यूनिवर्सिटी और क्विक हील फाउंडेशन के बीच यह साझेदारी छात्रों के ज्ञान को बढ़ाएगी और भविष्य में सुरक्षित डिजिटल लेन-देन में मदद करेगी. रामदेव बाबा यूनिवर्सिटी प्रबंधन, कुलपति डॉ एसएस मंथा, कुलगुरु डॉ. आरएस पांडे और कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. उर्मिला श्रावणकर ने विद्यार्थियों को बधाई दी.